मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-73
05/02/2020

जम्मू–कश्मीर के परिमपोरा में आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद जवान रमेश रंजन के प्रति मुख्यमंत्री मर्माहत, जताई गहरी शोक संवेदना

पटना 05 फरवरी 2020 :– जम्मू–कश्मीर के परिमपोरा इलाके में आतंकियों से मुठभेड़ में भोजपुर जिले के गोधना रोड निवासी सी0आर0पी0एफ0 के वीर जवान रमेश रंजन के शहीद होने पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है और कहा है कि उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। वे इस घटना से काफी मर्माहत हैं।

मुख्यमंत्री ने वीर सपूत की शहादत पर उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि शहीद जवान का राज्य सरकार की ओर से पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा।

******